# FORM NO. III

## फर्द अहकम

नियम 26

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा,राजस्थान

मोहनलाल पुत्र पन्ना धाकड़ बनाम रामलाल पुत्र सोना भील

किस्म मुकदमा/धारा:— प्रार्थना-पत्र | 111-128

प्रकरण संख्या 101/2026 जी.सी..एम.एस. नम्बर:—

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 27/04/2026 | प्रार्थना—पत्र नियमानुसार संलग्न दस्तावेजों एवं न्यायालय शुल्क के साथ न्यायालय क्षेत्राधिकार में पेश हुआ। पत्रावली की नियमानुसार जांच कर दर्ज रजिस्टर किया गया। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में विपक्षीगणों की तलबी जरिये सम्मन मय नकल प्रार्थना—पत्र, विपक्षीगणों को भेजी जावें। पत्रावली आगामी पेशी दिनांक 4/05/2026 को वास्ते इन्तजार तामील/तलबी रिपोर्ट पेश हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां जिला भीलवाड़ा | |
| 4/5/2026 | पत्रावली पेश हुई। समस्त विपक्षीगणो की बाद तामील प्राप्त हुई, जिसे संलग्न पत्रावली किया गया। समस्त विपक्षीगणो को 3-बार आवाज लगाई गई, परन्तु कोई उपस्थित नहीं हुआ। समस्त विपक्षीगणो के विरूद्ध एक-पक्षीय आदेश पारित किए। पत्रावली मे आदेश पारित किए गए। पत्रावली मे आदेश पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियां को लिखा जावे। पत्रावली नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी • बिजौलियां जिला—भीलवाड़ा

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 101/2026 तारीख दायर – 27/4/26

मोहनलाल पुत्र पन्ना जाति धाकड़ उम्र बालिग निवासी चान्दजी की खेड़ी तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)

.....................प्रार्थी

बनाम्

1. शंकरलाल पुत्र सोजी जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
2. नन्दा पुत्र सोजी जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
3. हरिशंकर पुत्र सोजी जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
4. बाबु पुत्र सोजी जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
5. फोरु पुत्र सोजी जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
6. पेमा पुत्र सेवा जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
7. रमेश पुत्र पेमा जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
8. भंवरलाल पुत्र पेमा जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
9. ओमप्रकाश पुत्र पेमा जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)

................विपक्षीगण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0ले0रे0एक्ट**

**–: आदेश :–**

दिनांक – 4/5/2026

प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक **श्री मुकेश कुमार धाकड एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2073–2076 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **सलावटिया** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा ग्राम नीमड़ीगवां पटवार हल्का चांदजी की खेड़ी तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 85 पर अंकित आराजी संख्या 387/57 रकबा 0.3237 हैक्टेयर भूमि की** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला–भीलवाड़ा

**उपखण्ड अधिकारी**
**बिजौलियाँ**

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या – 101/2026 — तारीख दायर – 27/4/26

तारीख निर्णय – 4/5/26

प्रेषिति :–

तहसीलदार

बिजौलियाँ

विषय :–प्रकरण संख्या ........101........./ 2026 पत्थरगढ़ी बाबत्।

मोहनलाल पुत्र पन्ना जाति धाकड़ उम्र बालिग निवासी चान्दजी की खेड़ी तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)

.......................प्रार्थी

**बनाम्**

1. शंकरलाल पुत्र सोजी जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
2. नन्दा पुत्र सोजी जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
3. हरिशंकर पुत्र सोजी जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
4. बाबु पुत्र सोजी जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
5. फोरु पुत्र सोजी जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
6. पेमा पुत्र सेवा जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
7. रमेश पुत्र पेमा जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
8. भंवरलाल पुत्र पेमा जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)
9. ओमप्रकाश पुत्र पेमा जाति भील उम्र बालिग निवासी नीमड़ीगवां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज)

................विपक्षीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण में आदेश होकर लेख है जाकर **मौजा ग्राम नीमड़ीगवां पटवार हल्का चांदजी की खेड़ी तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 85 पर अंकित आराजी संख्या 387/57 रकबा 0.3237 हैक्टेयर** भूमि की बशामलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक **सलावटिया** को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमिश्नर फीस प्रार्थी वक्त पत्थरगढ़ी मौके पर अदा करेगा। पत्थरगढ़ी करने से पुर्व पड़ोसी एंव विपक्षीगणो को सुचित करे।

पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी

उपखण्ड अधिकारी

बिजौलियाँ